संदर्भ ग्रंथ और पत्रिकाएं केवल संदर्भ के लिए उपलब्ध हैं। पुस्तकालय पूरी तरह से स्पइेले सॉफ्टवेयर से स्वचालित है। लगभग 83,000 पुस्तकें स्वचालन की प्रक्रिया में हैं। पुस्तकालय का नवीनीकरण किया गया है और अब महाविद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों की सुविधाओं के लिए कम्प्यूटरीकृत वर्गीकरण इकाई उपलब्ध है। पुस्तकालय में दो कम्प्यूटर इकाईयां (भूतल और प्रथम तल प्रत्येक पर एक-एक) उपलब्ध है। कर्मचारियों और छात्राओं के लिए कम्प्यूटरीकृत पहचान पत्र और पुस्तकालय टिकट जारी किये जाते हैं। नवम्बर 2008 से ओपेक (ऑन लाइन पब्लिक एक्सेस केटालॉग) सुविधाएं उपलब्ध है। निर्गत/वापसी काउंटर पर 'स्कैनर गन' की व्यवस्था की गई है।

नियम

(i) महाविद्यालय पहचान पत्र सभी सेवाओं के लिए मान्य है। जैसे प्रवेशद्वार, पुस्तकालय निर्गत काउंटर, संदर्भ अनुभाग आदि। प्रवेश द्वार, निर्गत काउंटर, संदर्भ अनुभाग आदि सभी सेवाओं के लिए प्रत्येक दिन महाविद्यालय पहचान पत्र दिखाया जाना आवश्यक है।

(ii) महाविद्यालय द्वारा निर्गत विद्यार्थी पहचान-पत्र पर बी.ए. (ऑनर्स) और बैचलर विद ऑनर्स के छात्राओं को तीन किताबें और बी.ए. (प्रोग्राम) के छात्राओं को दो किताबें निर्गत की जाती है।

(iii) पुस्तकालय फॉर्म के लिए अलग से छात्राओं को पासपोर्ट आकार का फोटो लाना आवश्यक है।

(iv) वापसी तिथि के बाद पुस्तकें वापस करने पर सामान्य किताबों पर एक रुपया प्रतिदिन तथा सन्दर्भ ग्रंथों पर दो रुपया प्रतिदिन के अनुसार शुल्क देना होगा।

(v) पुस्तकालय की पुस्तकों को क्षति पहुँचाने पर जुर्माने के साथ-साथ पुस्तकालय की सुविधा से भी वंचित किया जा सकता है।

(vi) पुस्तकें खो जाने पर तुरंत लिखित सूचना पुस्तकालयाध्यक्ष को देनी होगी तथा पुस्तक की कीमत से डेढ़ गुना अधिक रुपये का जुर्माना देना होगा। पुस्तकालय की किताबों/पत्रिकाओं के किसी भी पृष्ठों को फाड़ने पर भी भारी जुर्माना होगा।

(vii) पुस्तकालय के नियमों और विनियमों तथा पुस्तकालय से संबंधित अन्य सूचनाओं की जानकारी के लिए समय-समय पर पुस्तकालय सूचना पट देखते रहें।

संगोष्ठी कक्ष

महाविद्यालय के पास सम्पूर्ण सुविधाओं से युक्त एक वातानुकूलित संगोष्ठी कक्ष है जिसका उपयोग व्याख्यान, संगोष्ठी और कार्यशालाओं के लिए किया जाता है।

प्रयोगशालाएं

महाविद्यालय के पास विशाल प्रकाशपूर्ण/प्रकाशमय और सुसज्जित प्रयोगशालाएं हैं-

- खाद्य प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला
- परिधान डिजाइन प्रयोगशाला
- वातानुकूलित कम्प्यूटर लैब

कैंटीन

महाविद्यालय कैंटीन उचित मूल्य पर जलपान, पेय पदार्थ और भोजन आदि की सुविधाएं प्रदान करता है। किसी भी समस्या/सुझाव के लिए श्रीमती गायत्री वर्मा और डॉ. अंबुज से संपर्क कर सकते हैं।

बैंक

महाविद्यालय में बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा है। यह कॉलेज स्टाफ और छात्राओं को सभी बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करती है। बैंक महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों तथा सेमिनारों को आयोजित करने में योगदान देकर महाविद्यालय का अभिन्न अंग बन गया है।

फोटोस्टेट

महाविद्यालय के पास फोटोस्टेट सुविधा भी उपलब्ध है।

महाविद्यालय बस

अधिकारिक आयोजनों के लिए पूर्व बुकिंग माध्यम से महाविद्यालय बस सुविधा का उपयोग किया जा सकता है।

परिवहन

लक्ष्मीबाई महाविद्यालय तक पहुँचने के लिए बस संख्या 166, 181ए, 912 तथा मेट्रो स्टेशन (कन्हैया नगर, इंद्रलोक, शास्त्रीनगर) की सुविधा उपलब्ध है।

चिकित्सीय निरीक्षण और प्राथमिक चिकित्सा

छात्राओं की प्राथमिक चिकित्सा और देखभाल के लिए एक प्रशिक्षित और योग्य नर्स है। चिकित्सा सहायता के लिए कमरा नं. 10 चिकित्सा कक्ष है। आवश्यकतानुसार वहां से सहायता ली जा सकती है। छात्राएँ दिल्ली विश्वविद्यालय के डब्ल्यु.यू.एस. (W.U.S.) स्वास्थ्य केंद्र, छात्रा मार्ग, से अपना पहचान पत्र दिखाकर चिकित्सा परामर्श और उपचार करा सकती हैं।

विशेष जरूरतमंद छात्राओं के लिए सुविधाएं

महाविद्यालय नेत्रहीन छात्राओं के लिए संवेदनशील और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करता है। सभी पाठ्यक्रमों में ऐसी छात्राओं की बड़ी संख्या है। महाविद्यालय ने हेपसन (HEPSN) कार्यक्रम के तहत 10वीं योजना अवधि में यूजीसी अनुदान की मदद से वर्ष 2006-07 में एक विकलांगता इकाई का गठन किया है। यह इकाई नेत्रहीन छात्राओं की जरूरतों को पूरा करती है। महाविद्यालय इनके कम्प्यूटर शिक्षण और अंग्रेजी भाषा कौशल में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

कम्प्यूटरीकृत प्रशासनिक और लेखा विभाग

कॉलेज में कम्प्यूटराइजेशन का कार्य वर्ष 2011-12 में शुरू हुआ। लेखा और छात्राओं से संबंधित कागजी कार्यों को पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। लेखा और प्रशासनिक विभाग में 'वाई-फाई कनेक्टिविटी' दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है।

वित्तीय सहायता

फीस माफी

सभी जरूरतमंद और योग्य छात्राएँ फीस माफी के लिए निर्धारित आवेदन पत्र पर 16 अगस्त 2014 से पहले आवेदन कर सकती हैं। छूट-पढ़ाई, उत्तम आचरण, नियमित उपस्थिति और संतोषजनक प्रगति के आधार पर दी जाती है। छात्राएं अधिक जानकारी के लिए राजनीति विज्ञान विभाग की सुश्री प्रीति चौहान और सुश्री रश्मिता बेहरा से संपर्क कर सकती हैं।

छात्र सहायता कोष

छात्र सहायता कोष से जरूरतमंद और योग्य छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। छात्राएं को कार्यालय से उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र पर 22 अगस्त 2014 से पहले आवेदन कर सकती हैं।

छात्रवृत्ति

दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। जिनका विवरण निम्नलिखित है:

1. **अनुसूचित जाति/जनजाति की छात्राओं की लिए छात्रवृत्ति:** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए छात्रवृत्ति का विवरण दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. **नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति:** नेत्रहीन छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति का विवरण सामाजिक कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार, दिल्ली से प्राप्त किया जा सकता है।

किसी भी अन्य छात्रवृत्ति के विवरण के लिए किसी भी कार्य दिवस पर महाविद्यालय कार्यालय या दिल्ली विश्वविद्यालय मुख्य परिसर की परीक्षा शाखा 7(1), कमरा नं. 61 से 9:30 से 12:30 के बीच प्राप्त किया जा सकता है।

सह पाठ्यक्रम गतिविधियां

व्यक्तित्व के सर्वांगींण विकास के लिए प्रत्येक छात्र से निम्न में से किसी में शामिल होने की उम्मीद की जाती है:

खेल: महाविद्यालय सुविधाओं सहित विभिन्न खेल एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बेसबॉल, बास्केटबाल, शतरंज, क्रास कंट्री, क्रिकेट, जूडो, कबड्डी, खो-खो, नेटबॉल, पावर लिफ्टिंग, सॉफ्टबाल, तैराकी, टेबल टेनिस, तायक्वोंडो, वालीबॉल, वजन उठाना, कुश्ती और योग में कोचिंग प्रदान करता है। हमारी छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय, इंटर महाविद्यालय और राज्य स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

योग्यता या खेल के आधार पर दाखिला लेने, कोई भी छात्रा प्रतियोगिता के विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने और रोजगार के रूप में अपनाने के लिए खेल में शामिल होकर अभ्यास कर सकती हैं। इच्छुक छात्राएँ शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग में डॉ. सुनीता अरोड़ा या डॉ. सीमा कौशिक से संपर्क कर सकती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.): छात्राएँ निम्न परियोजनाओं में से किसी एक को विकल्प के लिए चुन सकती हैं:

- संस्थानिक सेवाएँ (नेत्रहीन छात्राओं को सहायता)
- स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ कार्य करना
- कार्य कुशलता संबंधित परियोजना पर कार्य करना
- सामुदायिक सेवाएँ

- रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान
- नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन
- सफाई अभियान
- प्रौढ़ शिक्षा
- मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम

एक दस दिवसीय शिविर अक्टूबर, दिसंबर और गर्मी की छुट्टियों के दौरान आयोजित किया जाता है। स्वयंसेवकों को योग्यता प्रमाण पत्र से विभिन्न सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में 120 घंटे पूरा करने तथा इकाई द्वारा अयोजित तीन विशेष शिविरों में से किसी एक में भाग लेने के बाद ही सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक छात्राएँ राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. बविता वर्मा से संपर्क कर सकती हैं।

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.): राष्ट्रीय कैडेट कोर सबसे बड़ा स्वैच्छिक वर्दीधारी युवा संगठन है जहां दाखिल कैडेट को छोटे हथियारों और परेड का बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। एन.सी.सी. में जाति, पंथ, धर्म और आर्थिक स्थिति पर बिना विचार किए एकता, देशभक्ति, अनुशासन, टीम भावना, एस्प्रिट डी कैंपस, नेतृत्व, आत्मविश्वास जैसे गुणों का सर्वांगींण व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण व प्रोत्साहन दिया जाता है।

लक्ष्मीबाई महाविद्यालय की जीवंत और गतिशील एन.सी.सी. विंग 7 लड़कियों वाली बटालियन के नेतृत्व में कीर्तिनगर में कई नये लगातार कीर्तिमान स्थापित किये हैं। दाखिल 160 कैडेट को महाविद्यालय के साथ-साथ दिल्ली के भीतर या बाहर विभिन्न शिविरों में ड्रिल/व्याख्यान/अंतर कक्षीय प्रतियोगिता का साप्ताहिक प्रशिक्षण (शनिवार को) में भाग लेना जरूरी है। एन.सी.सी. अपने कैडेट को वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी), राष्ट्रीय एकता शिविर (एन.आई.सी.), सेना लगाव शिविर (एएसी) सहित विभिन्न शिविरों के दौरान, ड्रिल सिंग्नलिंग, हथियार प्रशिक्षण, नक्शा पढ़ने, नागरिक सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, घर नर्सिंग आदि की शिक्षा देकर बुनियादी नेतृत्व शिविर (बी.एल.सी.) व्यक्तित्व विकास (पीडीसी), ट्रैकिंग और पर्वतारोहण, स्कीइंग, पानी खेल, साहसिक खेल, युवा विनिमय कार्यक्रम के साथ ही प्रधानमंत्री की रैली और प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस परेड का प्रशिक्षण देता है।

अनुशासित, ईमानदार और प्रतिबद्ध या सशस्त्र बलों में शामिल होने की इच्छुक छात्राएं ही एन.सी.सी. में शामिल हो सकती हैं। विशेष जानकारी के लिए एसोसिएट एन.सी.सी. अधिकारी (ए.एस.ओ.) लेफ्टिनेंट (डॉ.) सीमा कौशिक से संपर्क कर सकती हैं।

छात्र निकाय

छात्र संघः छात्र संघ निर्देशांक और महाविद्यालय के सभी अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों के कार्यक्रम के संकाय सलाहकार डॉ.बबिता वर्मा, डॉ. रेनु जैन और डॉ. नीलम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्राओं के द्वारा विधिवत रूप से निर्वाचित प्रतिनिधि संस्था है। यह महाविद्यालय के विभिन्न उत्सवों और गतिविधियों में भाग लेने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित करती है। प्रायः सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रम संघ द्वारा आयोजित किये जाते हैं जैसे नवांगतुकों के लिए अेरिएंटेशन कार्यक्रम, फ्रेशइयर पार्टी, मिस लक्ष्मीबाई महाविद्यालय प्रतियोगिता और प्रतिष्ठित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'विविधा'।

नोटः

- महाविद्यालय परिसर पर्यटन और पिकनिक जैसे किसी भी निजी कार्यक्रम के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।
- किसी भी दौरे/भ्रमण या पिकनिक पर जाने से पहले छात्राओं को कार्यक्रम की आधिकारिता के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

विभागीय संगठन और समितियां

महाविद्यालय व्यक्तित्व के सर्वांगींण विकास के लिए छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। छात्राओं की सुविधाओं के लिए बुधवार चौथी घंटी (पीरियड) विशेष रूप से अतिरिक्त पाठ्यक्रम की गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखा गया है। छात्राओं से इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने और पुरस्कार जीतने की आशा की जाती हैं।

प्रत्येक छात्रा को निम्न समीतियों में से किन्हीं दो का सदस्य होना आवश्यक है:-

समिति

- (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत) नाट्य समिति 'नवरंग'
- अंग्रेजी साहित्य और वाद-विवाद समिति
- हिन्दी साहित्य और वाद-विवाद समिति 'अभिव्यक्ति'
- संगीत और नृत्य समिति
- ललित कला समिति
- गांधी अध्ययन सर्किल
- पंजाबी साहित्य और सांस्कृतिक समिति
- संस्कृत साहित्य और सांस्कृतिक समिति
- बगीचा समिति
- संरक्षण (पर्यावरण जागरूकता समिति)

महिला विकास केन्द्र

महाविद्यालय में प्रशिक्षित निर्देशक के साथ एक क्रियाशील परामर्श इकाई महिला विकास केन्द्र है। केन्द्र महिला अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका के बारे में छात्राओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक, निबंध/पोस्टर प्रतियोगिता/गोष्ठियां व कार्यशालाओं का आयोजन करता है। महिला विकास केन्द्र ने फिल्म द्वारा महिलाओं से संबंधित उठाए गए मुद्दों पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा करके, फिल्मों का प्रदर्शन करने के लिए फिल्म क्लब 'वुमेनोस्कोप' शुरू किया है। लगभग 80 छात्राएँ क्लब की सदस्या हैं। केन्द्र में शामिल होने वाले इच्छुक छात्राएँ डॉ. रितु गोयल, डॉ. संगीता शर्मा से संपर्क कर सकती हैं।

संरक्षण (पर्यावरण जागरूकता समिति)

पर्यावरण जागरूकता शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा है। समिति छात्राओं में एक मिशन की तरह पारिस्थिति अनुकूल दुनिया का विज़न लेकर काम करती है। समिति समाज में पर्यावरण से संबंधित वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां जैसे निबंध लेखन, क्विज, कला और शिल्प (शिल्प कला) तथा पोस्टर बनाना आदि आयोजित करती है। छात्राएँ हमारे देश के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत से संबंधित आयोजित कार्यशालाओं/संगोष्ठियों में भाग

लेकर लाभांवित हैं। महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण दिवस पर 'पर्यावरण अनुकूल दुनिया' शीर्षक से वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। यह छात्राओं को दैनिक जीवन में 3R's: Reduce, Re-Use और Re-Cycle के अभ्यास के लिए अवसर प्रदान करता है।

- महाविद्यालय दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग के 'इको-क्लब' (पर्यावरण क्लब) का सदस्य भी है तथा दिल्ली सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित पर्यावरण मिलन में भाग लेता है।
- महाविद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा यंत्र लगाया गया है।
- महाविद्यालय में सभी सूखी चीजों को 'एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना' के तीन आरओसी इकाईयों के साथ 'जैविक खाद' में परिवर्तित किया जाता है।
- वर्षा जल संचयन प्रणाली भी निकट भविष्य में स्थापित करने का प्रस्ताव है।

पर्यावरण ब्रिगेड में शामिल होने वाली इच्छुक छात्राएँ डॉ. राज नांगिया और डॉ. नीता बरेजा से संपर्क कर सकती हैं।

नेसडल्फ (एन.ई.एस.डी.ए.एल.एफ)

नेसडल्फ (उत्तर-पूर्वी राज्य, दार्जिलिंग, लद्दाख सौर विदेशी छात्राओं की समिति) का एक साझा मंच है। सर्वप्रथम यह पूर्वोत्तर समाज के नाम से जाना जाता था। 2012 से यह नेसडल्फ के नाम से जाना जाता है, जिसमें पूर्वोत्तर भारत के अतिरिक्त विदेशी छात्राओं को भी शामिल किया गया है। समिति विभिन्न क्षेत्रों की विविध संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व और सदस्य छात्राओं के कल्याण से संबंध रखती है। अधिक जानकारी के लिए छात्राएँ श्री रामाथोट खांग्रीइवों, सुश्री थेमिचॉन वोलंग और आशिमा कंवर से सम्पर्क कर सकती हैं।

नेत्रहीन छात्राओं के लिए कार्यक्रम : नेत्रहीन छात्राओं के लिए कम्प्यूटर कौशल प्रशिक्षण आधारित मॉड्यूल में कैरियल उन्मुख पाठ्य कार्यक्रम की व्यवस्था है।

पूर्व छात्र संघ

महाविद्यालय का पूर्व छात्र संघ अपने उपयुक्त विश्वविद्यालयी विचार के साथ छात्र बल को दृढ़ता प्रदान करने में मदद करता है। सामान्यत: वे हर वर्ष मार्च में मिलन समारोह करते हैं।

महाविद्यालय पूर्व छात्र संघ, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के विभागों में व्याख्याताओं के अस्तित्व से बना है। इनमें से कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों, बैंकों, विद्यालयों आदि में काम करते हैं। उनमें से अधिकांश अपने व्यापार में लगे हुए हैं। प्रथम मिलन समारोह 25 मार्च 2006 को आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में छात्राएँ महाविद्यालय में बिताये अपने समय की यादों को साझा करती हैं। विशेष जानकारी के लिए छात्राएँ डॉ. लता शर्मा और अलका हरनेजा से संपर्क करें।

रोजगार कक्ष

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार की एकश्रृंखला के माध्यम से परिसर से ही नियुक्तियों की सुविधा प्रदान करता है। महाविद्यालय पूर्व छात्र संघ द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं का डेटाबेस प्लेसमेंट डेस्क तैयार किया जाता है और कैरियर परामर्श व्याख्यान एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन से छात्राओं को दिशा-निर्देश प्रदान किया जाता है ताकि उन्हें नौकरी प्राप्त करने में सुविधा हो सके। संबंधित जानकारी के लिए छात्राएँ श्रीमती उज्जयिनी राय, श्रीमती ईशा चावला, डॉ. गुरनीत भाटिया से संपर्क कर सकती हैं।

आत्मरक्षा

महाविद्यालय दिल्ली पुलिस के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन करता है। वर्तमान परिदृश्य में आत्मरक्षा की प्रासंगिकता और स्वयं एवं दूसरों की रक्षा करने के लिए छात्राओं को सक्षम तथा संवेदनशील बनाना जरूरी है।

महाविद्यालय शिकायत समिति

दिल्ली विश्वविद्यालय की सुप्रीम शिकायत समिति (एसीसी) के संरक्षण/तत्वावधान में महाविद्यालय शिकायत समिति (सीसीसी) का गठन किया गया है। यह समिति कहीं भी किसी भी प्रकार के उत्पीड़न जैसे लिंग पूर्वाग्रह और यौन उत्पीड़न आदि से मुक्त कर, सौहादर्य पूर्ण वातावरण का निर्माण करने और बनाए रखने के लिए काम करती है। यदि किसी भी छात्रा को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है तो वे तुरंत प्राचार्या/सीसीसी के पास शिकायत दर्ज करें। छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे कहीं भी स्वयं की रक्षा कर सकती हैं। छात्राएँ किसी भी प्रकार की शिकायत के संबंध में डॉ. मधु झा और डॉ. संतोषी कुमारी से संपर्क कर सकती हैं।

समान अवसर इकाई

इकाई नेत्रहीन, विकलांग और अल्पसंख्यक समूह के लोगों के अनुचित वातावरण, आर्थिक और सांस्कृतिक बाधाओं की समस्याओं को निष्क्रिय करने से संबंध रखता है। विकलांगता और अल्पसंख्यक बिना किसी अनुचित भेदभाव, पूर्वाग्रहों तथा इसके अन्य रूपों, एक सममूल्य पर समान अधिकार है। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा समान अवसर कक्ष की स्थापना, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग व्यक्तियों (पी.डब्ल्यु.डी.) की तथा इनसे संबंधित अन्य जरूरी मुद्दे को हल करने के लिए 27 जून 2006 को की गई। जानकारी के लिए छात्राएँ डॉ. सुमन सोनकर दहिया से संपर्क कर सकती हैं।

सकारात्मक कार्यवाही समिति

सकारात्मक कार्यवाही समिति डॉ. सुमन सोनकर दहिया और डॉ. एम.पी. यादव के मार्ग दर्शन में आरक्षित वर्ग की छात्राओं के हितों और कल्याण के लिए कार्य करती है। अखिल भारतीय नेत्रहीन परिसंघ, दिल्ली द्वारा विकलांग और नेत्रहीन छात्राओं को नौ अलग तरीके की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती हैं। शारीरिक रूप से विकलांगों को तीस ब्रेल किताबें, रिकॉर्डेड ऑडियो कैसेट और ई-ग्रंथों की सीडी उपलब्ध कराई गई है। नेत्रहीन शिक्षकों और छात्राओं के लिए ब्रैल लिपि में महाविद्यालय निर्देशिका और पत्रिका उपलब्ध कराने का अनुमोदन किया गया है।

सामर्थ्यकारी इकाई

छात्राएँ विशेष जानकारी के लिए डॉ. सुमन सोनकर दहिया और डॉ. एम.पी. यादव से संपर्क कर सकती हैं।

महाविद्यालय पत्रिका

छात्राओं की पत्रिका 'ज्योति' वार्षिक पत्रिका है। यह छात्राओं को हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत और पंजाबी में रचनात्मक अभिव्यक्तियों को व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम प्रदान करती है। प्रत्येक भाषा में सर्वोत्तम रचना को पुरस्कृत किया जाता है। मुख्य पृष्ठ के लिए भी आमतौर से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। छात्राएँ इन प्रतियोगिताओं की जानकारी के लिए समय-समय पर सूचना पट को देखती रहीं। पत्रिका के लिए रचना पत्रिका समिति डॉ. निर्मल शाहिद और डॉ मीनू खनेजा के पास जमा की जा सकती हैं।

नियम और विनियम

रैगिंग निषेध और लैंगिक संवेदनशीलता

I. (1) किसी भी रूप में रैगिंग महाविद्यालय परिसर या दिल्ली विश्वविद्यालय के किसी भी जगह, यहाँ तक कि सार्वजनिक परिवहन में भी पूर्णतया निषेध है।

(2) रैगिंग से संबंधित किसी भी व्यक्तिगत या सामूहिक कार्य या व्यवहार पर घोर अनुशासनहीनता के लिए विश्वविद्यालय के अध्यादेश XV(C) के तहत कार्यवाही की जाएगी।

(3) इस अध्यादेश का उद्देश्य रैगिंग के लिए आमतौर पर ऐसे कार्य, व्यवहार या आचरण से लगाया जाता है जो किसी वरिष्ठ छात्राओं की दमनात्मक शक्ति या स्थिति का, नये दाखिला प्राप्त छात्राओं पर या अन्य छात्राओं द्वारा जूनियर या सीनियर की भावना से किया जाता है। इसमें निम्न व्यक्तिगत या सामूहिक कार्य और अभ्यास शामिल हैं:

(क) शारीरिक हमले या खतरे और शारीरिक बल प्रयोग शामिल है।

(ख) महिला और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित छात्राओं की इज्जत, गरिमा और सम्मान का उल्लंघन।

(ग) छात्राओं के साथ उपहास और अनादर कर छेड़छाड़ करना तथा उनके आत्म सम्मान को प्रभावित करना।

(घ) मौखिक गाली-गलौज और आक्रामकता, अश्लील इशारे और अश्लील व्यवहार करना।

(4) यदि कोई छात्रा, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की है या कर रही है, रैगिंग कार्य पर अभ्यास करते हुए अध्यादेश के तहत पायी जाती है, तब उस छात्रा की, अध्यादेश XV के तहत विश्वविद्यालय द्वारा उचित कार्यवाई करते हुए डिग्री निर्गत करने पर विचार किया जा सकता है।

(5) अध्यादेश XV के निहितार्थ रैगिंग के लिए उकसाने पर उन्हें रैगिंग का दंड दिया जा सकता है।

II. दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यादेश XV (D) के अन्तर्गत महाविद्यालय ने यौन-उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक समिति का गठन किया है।

III. महाविद्यालय सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इस अधिनियम के अनुसार छात्राएँ सीपीआईओ (मुख्य सार्वजनिक सूचना अधिकारी) डॉ. (श्रीमती) वीणा गौतम, सूचना अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा और सह-जनसूचना अधिकारी सुश्री मोनिका कपूर से सूचनाएं प्राप्त कर सकती हैं।

अनुशासन

- सभी छात्राओं को महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखना होगा। विश्वविद्यालय अध्यादेश XV–C के तहत किसी भी छात्रा पर अनुशासन के किसी भी नियम के उल्लंघन के मामले में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।
- महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णत: निषेध है। किसी भी रूप में रैगिंग घोर अनुशासनहीनता माना जाएगा और विश्वविद्यालय अध्यादेश XV–C के तहत कार्यवाई की जाएगी। किसी भी रूप में महाविद्यालय की संस्थागत

संपत्ति का विनाश करना और जानबूझकर शैक्षणिक कार्य में व्यवधान करना, घोर कदाचार माना जाएगा और अध्यादेश XV–B के तहत कार्यवाही की जाएगी।

- अनुशासन और अनुशानात्मक कार्यवाही से संबंधित सभी शक्तियां कुलपति या उसके द्वारा मनोनित व्यक्ति में निहित है। कुलपति अपनी शक्तियों का प्रयोग प्रत्यक्ष रूप से आदेश देकर कर सकता है।

(क) किसी भी छात्रा या छात्राओं को निष्कासित कर सकता है। या

(ख) किसी भी छात्रा या छात्राओं को आदेश–अवधि के लिए प्रतिबंधित/निष्कासित कर सकता है। या

(ग) विश्वविद्यालय के किसी भी महाविद्यालय, विभाग या संस्था के किसी भी पाठ्यक्रम या कोर्स में निर्धारित समय–काल के लिए दाखिला से वंचित कर सकता है। या

(घ) विशेष निर्देश के साथ कुछ रकम जुर्माना किया जा सकता है। या

(ङ) एक वर्ष या उससे अधिक वर्षों के लिए विश्वविद्यालय या महाविद्यालय या विभागीय परीक्षा या परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। या

(च) छात्रा या छात्राओं के संबंधित परीक्षा परिणाम या वे जिस परीक्षा में शामिल हुए हैं, रद्द किया जा सकता है।

- प्रोक्टर और पुस्तकालय अध्यक्ष की सहायता से महाविद्यालय के प्राचार्य, संस्था के समुचित संचालन के लिए महाविद्यालय में छात्राओं के साथ अधिक से अधिक अनुशासनात्मक शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रोक्टर की शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, अनुशासन के नियमों और उचित कार्यवाही को तुरंत लागू किया जा सकता है।
- महाविद्यालय परिसर में **होली** खेलना और **दीवाली** मनाना सख्त वर्जित है। इस नियम का उल्लंघन करने वाली दोषी छात्राओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कुलानुशासन बोर्ड

कॉलेज में प्रोक्टोरियल बोर्ड का गठन किया गया है जो अनुशासन बनाये रखने का दायित्व संभालता है। छात्राओं से निम्नलिखित आचार संहिताओं का पालन करने की अपेक्षा की जाती हैं। इस संबंध में किसी भी कार्य हेतु डॉ. सुचेता चतुर्वेदी और सुश्री ऑचल से संपर्क करें।

आचार संहिता

- प्रत्येक दिन महाविद्यालय परिसर में पहचान–पत्र और पुस्तकालय–पत्र लाना अनिवार्य है।
- शांति क्षेत्र में शांति बनाए रखें।
- नियमित रूप से सभी व्याख्यान, ट्यूटोरियल और पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लें।
- कक्षा में व्याख्यान के दौरान मोबाइल फोन बंद रखें और परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन ना लायें।
- शिक्षण कक्ष खाली करने से पहले लाइट और पंखें बंद कर दें।
- प्रत्येक दिन सूचना पट पढ़ें।

- खाली समय में पुस्तकालय, कॉमन रूम या कैंटीन का उपयोग करें ताकि किसी भी प्रकार से कक्षा डिस्टर्ब न हो।
- पुस्तकालय की पुस्तकों के पन्नों को न फाड़ें।
- बगीचे को बनाए रखने में महाविद्यालय अधिकारी की सहायता करें।
- अनौचित्य और दुर्व्यवहार के सभी मामलों की सूचना महाविद्यालय अधिकारी को अवश्य दें।
- आत्म अनुशासन का पालन करें।
- परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग न करें।

पुरस्कार

शैक्षणिक सत्र के अंत में आयोजित विश्वविद्यालय परीक्षा के शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

सेमेस्टर स्कीम में सभी स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए पदोन्नति नियम

उत्तीर्ण प्रतिशत और पदोन्नति का मापदंड

(क) जहाँ भी सेमेस्टर लागू है, एक सेमेस्टर में किसी भी प्रश्न पत्र में उत्तीर्ण होने के लिए सिद्धांत में 40% और प्रयोग कार्य में 40% न्यूनतम अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

(ख) एक छात्रा को पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष से द्वितीय वर्ष में पदोन्नति के लिए उन्हें एक साथ प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर के प्रश्न पत्रों में 50% अंक के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

(ग) इसी तरह एक छात्रा (भाग–1 के परिणाम पर बिना विचार किए) को पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष से तृतीय वर्ष में पदोन्नति के लिए, उन्हें एक साथ तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर के प्रश्न पत्रों में 50% अंक के साथ उत्तीर्ण होना होगा।

(घ) जो छात्राएँ उल्लिखित पदोन्नति के मानक (ख) और (ग) को पूरा नहीं करती हैं उन्हें संबंधित भाग में असफल घोषित कर दिया जाएगा।

(ङ) जो छात्राएं सेमेस्टर I/III/V के लिए पुनः परीक्षा में बैठना चाहती है वह केवल नवंबर/दिसंबर में आयोजित होने वाली सेमेस्टर परीक्षा में बैठ सकती हैं। जो छात्राएँ सेमेस्टर II/IV/VI के लिए पुनः परीक्षा में बैठना चाहती हैं तो वे केवल अप्रैल/मई में आयोजित होने वाली परीक्षा में बैठ सकती हैं।

लक्ष्मीबाई कॉलेज : दिल्ली
पिछले वर्ष की कटऑफ-2014-15

पाठ्यक्रम	सामान्य श्रेणी	अन्य पिछड़ा वग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	पीडब्ल्यू डी
बी. ए. प्रोग्राम	72.75%	67%	67%	50%	67%
इतिहास (ऑनर्स)	74.75%	66-66.25%	64.67.75%	67-70.25%	64%
राजनीति विज्ञान (ऑनर्स)	82%	73-76.755%	73-74.25%	67%	67%
बी.एस.सी. गणित (ऑनर्स)	88%	83%	70%	60%	60%
हिन्दी (ऑनर्स)	68.70%	62.5%	66-68%	50%	63%
अंग्रेजी (ऑनर्स)	89.75% विज्ञान विषय छात्र 87.75% मानविकी विषय छात्र 70% इलेक्टिव इंगलिश	84% विज्ञान विषय छात्र — 82% मानविकी विषय छात्र समूह — 63% इलेक्टिव इंगलिश	73%	77%	74%
दर्शनशास्त्र (ऑनर्स)	69%	69%	60%	60%	53%
संस्कृत (ऑनर्स)	50%	50%	45%	45%	45%
अर्थशास्त्र (ऑनर्स)	93%	79%	63%	43.5%	43.5%
बी.कॉम (ऑनर्स)	94%	78%	67%	67%	78%
बी.कॉम	85.50-85.75%	83%	70%	60%	60%

शिक्षकगण सूची

- **प्राचार्या** (कार्यकारी) **डॉ. (श्रीमती) वीणा गौतम** एम.ए., पी.एचडी, डी.लिट.

वाणिज्य विभाग

- डॉ. राज नांगिया – एम.कॉम., एम.फिल. (दिल्ली), पीएच.डी. (मेरठ)
- डॉ. अनीता गोयल – एम.कॉम., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. लता शर्मा – एम.कॉम., एम.फिल. (दिल्ली) पीएच.डी. (आगरा)
- डॉ. मधु अग्रवाल – एम.कॉम., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. नीता बरेजा – एम. कॉम., एम.फिल., (दिल्ली) पीएच.डी.
- डॉ. अलका हरनेजा – एम.कॉम., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. वनिता अग्रवाल – एम.ए. (इको), पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. पूर्णिमा सुनील तलवार – एम. कॉम. एम.फिल., पीएच.डी (दिल्ली)
- डॉ. गायत्री – एम.कॉम, एम.फिल, पीएच.डी (दिल्ली)
- डॉ. सुषमा अग्रवाल – एम.कॉम., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- श्रीमती सारिका भटनागर – एम.कॉम, एम.फिल. (दिल्ली)
- श्रीमती विभा गुप्ता – एम.कॉम. एम.फिल (दिल्ली),
- डॉ. टी. के. जानकी – एम.कॉम. (मदुरई) पीएच.डी. (त्रिचुरापल्ली) **विभागाध्यक्ष**
- श्रीमती रुचि आहूजा – एम.कॉम., एम.फिल. (दिल्ली)
- श्रीमती ए. प्रोशेल्वी – एम.कॉम . एम.फिल. (तमिलनाडु), बी.एड. (मद्रास), पी.जी.डी.सी.ए. (तमिलनाडु)
- डॉ. सुचेता गॉबा – एम.कॉम. एम.फिल. (दिल्ली) पीएच.डी.
- श्रीमती हेमलता – एम.कॉम. (दिल्ली), एम.फिल (एम.के.यू.)
- श्रीमती तेजविन्दर कौर – एम.कॉम. एम.बी.स. (फाइनेंस, के.यू.)
- सुश्री अंकिता – एम.कॉम. एम.फिल.
- सुश्री अमिता मल्होत्रा – एम.कॉम. एम.फिल.
- डॉ. मीनू – एम.कॉम, एम.फिल., पीएच.डी.

अर्थशास्त्र विभाग

- श्रीमती संतोष अग्रवाल – एम.ए. (दिल्ली)
- श्रीमती ईशा चावला – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)
- श्रीमती रितु सूरी – एम.ए. एम.फिल. (दिल्ली)
- डॉ. सुमन सोनकर दहिया – एम.ए. (इलाहाबाद), एम.फिल., पी.एच.डी. (जे.एन.यू.)
- सुश्री शुभम् चौधरी – एम.ए.

- श्रीमती उज्जयिनी राय – एम.ए. एम.फिल.
- सुश्री सोनिका सिंघी – एम.ए., **विभागाध्यक्ष**
- श्रीमती उमा – एम.ए. एम.फिल. (जे.एन.यू.) बी.बी.ई. पाठ्यक्रम समन्वयक

अंग्रेजी विभाग

- डॉ. सुचेता चतुर्वेदी – एम.ए., एम.फिल., पी.एच.डी. (दिल्ली)
- श्रीमती रुचि मुन्डेजा – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)
- श्रीमती दीवा जफ़िर – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली),
- डॉ. महावीर प्रसाद यादव – एम.ए. (चंडीगढ़), एम.एड. (एम.डी.यू.), एम.फिल., पीएच.डी. (नान्डेड)
- सुश्री आशिमा कंवर – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)
- श्रीमती अंजू दहिया – एम. ए. (चंडीगढ़) एम.फिल. (के.यू.) **विभागाध्यक्ष**

गृह विज्ञान विभाग (खाद्य प्रौद्योगिकी एवं परिधान डिज़ाइन रचना)

- डॉ. अनीता मल्होत्रा – एम.एस.सी., पीएच.डी. (दिल्ली) **विभागाध्यक्ष**
- डॉ. सबरीना सरिन – एम. एस. सी., पीएच.डी. (दिल्ली)

हिन्दी विभाग

- डॉ. वीणा गौतम – एम.ए., पीएच.डी. (दिल्ली), डी.लिट.
- डॉ. स्नेहलता अरोड़ा – एम.ए., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. मीनू खनेजा – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. रश्मि गुप्ता – एम.ए. (कुमायूँ), पीएच.डी. (बनारस)
- डॉ. रनजीत कौर – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. नीलम – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (जे.एन.यू.), **विभागाध्यक्ष**
- डॉ. मनीषा शंखवार – एम.ए., एम.फिल., डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन एण्ड एडिटिंग आर्ट, पीएच.डी. (दिल्ली)
- श्रीमती अंशू सिंह झारवाल – एम.ए. (राजस्थान), एम.फिल. (दिल्ली)
- डॉ. कमलेश लाल – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- श्रीमती प्रमिला – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)

इतिहास विभाग

- सुश्री गीता आर्या – एम.ए., एम.फिल., सार्टिफिकेट इन परसियन (दिल्ली)
- डॉ. वृष्टि कनौजिया – एम.ए. पीएच.डी. (इलाहाबाद)
- श्रीमती गीतांजलि डे – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)
- डॉ. एल.आर.एस. लक्ष्मी – एम.ए., पी.एच.डी. (लंदन)
- श्री रामाथोट खांग्रीवो – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**

- डॉ. संतोषी कुमारी – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (जे.एन.यू.), डिप्लोमा इन मासकॉम
- श्रीमती गोबीना – एम.ए., एम.फिल., (दिल्ली)
- डॉ. ललिता कुमार – एम.ए. पीएच.डी. (पटना वि.वि.) कथक नृत्य (इलाहाबाद प्रयाग संगीत समिति)
- सुश्री तृप्ति – एम.ए., एम.फिल. (जे.एन.यू.)

गणित विभाग

- डॉ. बीना गुप्ता – एम.ए., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. बीना राजेन्द्र गुप्ता – एम.ए., पीएच.डी., डिप्लोमा इन जापानी (दिल्ली)
- सुश्री चित्रा शर्मा – एम.एस.सी., एम.फिल. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**
- डॉ. सुधा गुप्ता – एम.ए., पीएच.डी. (दिल्ली)
- सुश्री अनु छाबड़ा – एम.एस.सी., एम.फिल. (दिल्ली)
- सुश्री लक्ष्मी – एम.एस.सी., एम.फिल. (दिल्ली)
- सुश्री पूनम सरोहे – एम.ए.सी., एम.फिल. (दिल्ली)
- श्रीमती अनु जैन – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)
- सुश्री पूनम झारवाल – एम.एस.सी.
- डॉ. तलत सुल्ताना – एम.एस.सी., पी.एच.डी. (जामिया)
- डॉ. गुनीत भाटिया – एम.एस.सी., पी.एच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. निशा गुप्ता – एम.फिल, पी.एच.डी. (दिल्ली)

संगीत विभाग

- डॉ. कृष्णा चौधरी – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**
- डॉ. रेणु जैन – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)

दर्शनशास्त्र विभाग

- डॉ. जया रे – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**
- डॉ. मिनी झा मिश्रा – एम.ए., एम.फिल., पी.एच.डी. (दिल्ली)
- श्रीमती राजश्री राय – एम.ए., (शिलांग)
- डॉ. मांसी गुप्ता – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)

शारीरिक शिक्षा विभाग

- डॉ. सुनीता अरोड़ा – एम.ए., फिजिकल एजूकेशन (जीवाजी), पी.एच.डी. (दिल्ली)
- लेफ्टिनेंट(डॉ.) सीमा कौशिक – एम.पी.ई. (जीवाजी), पीएच.डी. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**

राजनीतिशास्त्र विभाग

- श्रीमती निर्मल कान्ता – एम.ए., डिप्लोमा इन जापानी, सार्टिफिकेट इन फ्रैंच (दिल्ली)
- श्रीमती रश्मि कश्यप – एम.ए., एम.फिल., (दिल्ली)
- डॉ. रेखा कौल – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. स्वतंत्र के. प्रधान – एम.ए. (जम्मू), एम.फिल., पीएच.डी. (जे.एन.यू.)
- डॉ. गीता सहारे – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. मधु झा – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. जूही सिंह – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली), पी.एच.डी. (मनिपाल)
- डॉ. रितु गोयल – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. बबिता वर्मा – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. सोनिया डबास – एम.ए., एम.फिल. (कुरूक्षेत्र), पी.एच.डी., बी.एड. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**
- श्रीमती थेमीचॉन वोलंग – एम.ए. (मणिपुर), एम.फिल. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**
- श्रीमती रश्मिता बेहरा – एम.ए., एम.फिल. (जे.एन.यू.)
- डॉ. पिंकी मौर्या – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (जे.एन.यू.)
- श्रीमती सीमा सिंह – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)
- डॉ. अम्बुज त्रिपाठी – एम.ए., एम.फिल., (दिल्ली) पीएच.डी.
- श्रीमती प्रीती चौहान – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली)
- डॉ. संगीता शर्मा – एम.ए., एम.फिल. (दिल्ली), पीएच.डी. (मेरठ), एम.ए. (पब्लिक एड.), (शिमला) सर्टिफिकेट इन चाइनीज, पी.जी. डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन इंगलिश, हिन्दी (दिल्ली)
- डॉ. अमृता शिल्पी – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (जे.एन.यू.)
- श्रीमती आंचल – एम.ए., एम.फिल., (दिल्ली)

पंजाबी विभाग

- डॉ. निर्मल शाहिद – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली) **विभागाध्यक्ष**

संस्कृत विभाग

- डॉ. अनीता शर्मा – एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. (दिल्ली)
- डॉ. डोलामणि आर्या – एम.ए. (दिल्ली), पीएच.डी. (दिल्ली), **विभागाध्यक्ष**

समाजशास्त्र विभाग

- अभी नियुक्ति होनी है –

प्रशासनिक कर्मचारी

प्राचार्या कार्यालय

- श्रीमती मोनिका कपूर – प्रशासनिक अधिकारी

प्रशासन

- श्री प्रेमकांत – अनुभाग अधिकारी
- श्री रविन्दर कुमार – सीनियर असिस्टेंट
- श्री ध्रुवपाल – असिस्टेंट
- सुश्री निशा – जू. असिस्टेंट
- श्री नरेन्द्र कुमार – जू. असिस्टेंट
- श्री शशिकांत – मशीन मैन
- श्री राम कुमार – केयर टेकर
- श्री विजय कुमार – एमटीएस
- श्री हिमांशु राही – एमटीएस
- श्री देवेश – एमटीएस
- गीता आर सिंह – एमटीएस

लेखा प्रभाग

- श्री शैलेन्द्र पाल भाटिया – अनुभाग अधिकारी
- कुमारी लाजवंती – असिस्टेंट (कैशियर) तथा सीनियर एसिस्टेंट (कार्यकारी)
- श्री मनोज कुमार – असिस्टेंट
- श्री किशन कुमार – जू. असिस्टेंट तथा असिस्टेंट (कार्यकारी)
- श्रीमती एमरेनसिया – एमटीएस

पुस्तकालय

- श्री लाल मोहम्मद – प्रोफेशनल असिस्टेंट (कार्यकारी पुस्तकालयाध्यक्ष)
- श्री प्रेमदत्त ममगेन – सेमी प्रोफेशनल असिस्टेंट
- श्री भुवनेश्वर शर्मा – सेमी प्रोफेशनल असिस्टेंट
- श्री संजीव कुमार – सेमी प्रोफेशनल असिस्टेंट

घोषणा

यद्यपि इस विवरणिका की सामाग्री की प्रमाणिकता की पुष्टि पर पूर्ण ध्यान दिया गया है परन्तु यहाँ निहित सामाग्री केवल सांकेतिक है इसका कानूनी प्रयोजनों के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है। दी गई सूचना का संबंध केवल लक्ष्मीबाई महाविद्यालय द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम से है। विस्तृत जानकारी के लिए आवेदकों को दिल्ली विश्वविद्यालय के सूचना बुलेटिन का उल्लेख करने की सलाह दी जाती है या दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय की विधियों, अध्यादेशों, विनियमों और नियमों में निहित जानकारी ही अंतिम रूप से मान्य होगी। किसी भी प्रकार के परिवर्तन और स्पष्टीकरण के लिए छात्राओं को महाविद्यालय की बेबसाइट www.lbc.du.ac.in और सूचना पट को देखने की सलाह दी जाती है।

Disclaimer

Though care has been taken to verify the authenticity of the contents of this Prospectus, the data contained herein is only indicative and must not be used for legal purposes. The information given pertains only to the courses offered by Lakshmibai College. For detailed information, the applicants are advised to refer to the Delhi University Information Bulletin or may contact the office of the Dean, Students' Welfare, University of Delhi. The information contained— in the relevant Rules, Regulations, Ordinances and Statutes of the University of Delhi—will be final. For any further changes and clarifications, students are advised to check the College website.lbc.du.ac.in and notice board.